एक नजर में

बीईओ ने किया गोघटपुर स्कूल का निरीक्षण

जीरापुर 31 जुलाई, सं. ब्लॉक शिक्षा केंद्र के अंतर्गत समीपवर्ती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोघटपुर का ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया. इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार एवं बीआरसी गजेंद्र शर्मा ने विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान कक्षा 9वीं एवं 12वीं में विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत पाई गई. साथ ही अपार आईडी निर्माण, कक्षा 1 में प्रवेश, एनएमएस का रजिस्ट्रेशन, ओलंपियाड का रजिस्ट्रेशन आदि कार्य उचित पाए जाने पर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की. इस मौके पर शाला प्राचार्य गोविंद सिंह एवं जनशिक्षक प्रेम सिंह वर्मा, विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा.

रखरखाव के चलते बिजली रहेगी गुल

राजगढ 31 जुलाई, का. बेहतर और निर्बाध बिजली सेवा के लिए कल शनिवार, 1 अगस्त को 33/11 केवी उपकेंद्र राजगढ़ में जरूरी मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा. जिसके चलते सुबह 8 से 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी. इनमें प्रभावित क्षेत्र नाका नंबर 3, मोहनपुरा कॉलोनी, संकट मोचन, इंदिरा कॉलोनी, राजमहल, भंडारा गली, पीटी कंपनी, फलोदी कॉलोनी, उद्धव नगर सिविल लाइन, इंगले कॉलोनी, हॉस्पिटल रोड, खुजनेर रोड, बाराद्वारी नाला, रामलीला कॉलोनी, शिवधाम, पूरा ओल्ड बस स्टैंड व अन्य आसपास के क्षेत्र रहेंगे.

साईनाथ कॉन्वेंट स्कूल में विशेष कार्यक्रम

पडाना 31 जुलाई, सं. ग्राम आशारेटा में स्थित साईं नाथ कॉन्वेंट हाई स्कूल में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सीआईसीएफ में चयनित होकर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले संस्था के पूर्व विद्यार्थी मनोज राजपूत और आकाश जाटव का समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया. इस अवसर पर संस्था संचालक राजेश परमार, प्राचार्य रवि जाट, सह-प्राचार्य मनोज राठौर सहित शिक्षकगण मनोज परमार, अमित जाट, धर्मेंद्र सिंह, कमल परमार, आशीष पालीवाल, कृष्णपाल सिंह, सतीश कुमार और शिक्षिकाएं गिरजा पालीवाल, प्रभा परमार, प्राची पूरी, कुमकुम पूरी, नेहा विश्वकर्मा आदि शामिल रहे.

सुधार नहीं, मौतों के हवाले किया ब्लैक स्पॉट

एक बार फिर से करनवास हाईवे पर सड़क हादसा, ट्रक से भिड़ी बस, 2 की मौत, 4 घायल

लगातार हादसों के बाद भी जूं नहीं रेंग रही, जाने कितनी मौतों का इंतजार कर रहे जिम्मेदार

नवभारत न्यूज

करनवास 31 जुलाई, सं. किसी भी गांव का हाईवे पर स्थित होना उस गांव के लिए खुशहाली, विकास का पथ माना जाता है. लेकिन जिले के करनवास में यह बात उलट साबित हो रहा है. यहा हाईवे किनारे गांव का मौजूद होना यानी हादसों और मौत को आमंत्रण देना है. परंपराओं, किसानों और फसलों से समृद्ध यह गांव अब ब्लैक स्पॉट के रूप में कुख्यात हो चुका है. कारण यहां से गुजरने वाले हाईवे पर लगातार बड़े हादसों में हो रही मौते. कोई भी महीना ऐसा नहीं जाता जब यहां हादसों ना हो और मौतें ना हो. बड़े बस हादसों की बात करें तो पिछले 4 महीनों में करीब आधा दर्जन लोगों ने अपनी जान गंवाई है.

इस बार फिर से हादसा हुआ है और दो लोगों ने अपनी जान गंवाई है. जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है.



मृतक गोकुल मालाकार



डेंजर से डेथ जोन बन रहा करनवास, भाटखेड़ी हाईवे

तेज गति से चल रही थी बस, लापरवाही ने ली जान

ब्यावरा के करनवास थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर नेशनल हाईवे-52 पर करनवास-ब्यावरा से पचोर मार्ग पर पनाली जोड़ के पास एक लोकल बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. इस दुर्घटना में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए. मृतकों में एक ही पहचान गोकुल पिता शंकरलाल मालाकार 63 वर्ष सेनानिवृत्त पशु चिकित्सक के रूप में हई है. भोपाल ले जाते समय उनकी मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, बाबा बस ब्यावरा से पचोर की ओर सवारियां लेकर जा रही थी. बताया जा रहा है कि बस चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था. इसी दौरान उसने बस से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. घायलों में होकमचंद्र विश्वकर्मा (75, निवासी पाजरी, नरसिंहगढ़), गोकुल प्रसाद मालाकार (63, निवासी करनवास), मोहन सिंह (35, निवासी खजूरी तलेन) और शांति बाई (50, निवासी हाडाहेड़ी, ब्यावरा) शामिल हैं. इसके अलावा एक व्यक्ति को बेहद गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. करनवास पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है.



लगातार बड़े हादसे जिनसे सबक नहीं लिया

24 अप्रैल को रात्रि 3 .40 बजे ट्रक क्रमांक यू.पी. 93, बी.टी. 4907 को चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक बिना किसी ट्रैफिक लाइट या सिग्नल के सड़क पर खड़ा कर रखा था, जिससे इंदौर से आगरा की ओर जा रही हंस ट्रेवल्स की यात्री बस ए.एस. 01, ओ.सी.2691 पीछे से टकरा गई. हादसे में गंभीर रुप से घायल कल्लू उर्फ परमानंद पिता छक्कीलाल राजपूत उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम बिजिलपुरा थाना दुरसडा जिला दतिया ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. बस चालक नवलकिशोर को भी गंभीर चोट आई है. 27 से 28 यात्रियों को चोट आई.

16 मई की रात ग्राम भाटखेड़ी के पास हाईवे पर टैंकर ने हाईवे के समीप खड़े ट्रक में टक्कर मार दी. ट्रक में सीएनजी के 60 खाली सिलेण्डर थे वहीं एक भरा सिलेण्डर था. आईशर ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 5752 (सीएनजी के 60 सिलेंडर खाली 01 भरा) रखे थे. चालक नंदलाल पिता शिव नारायण गौड़ उम्र 34 साल निवासी लोधीपुरा थाना ब्यावरा ने बताया कि पचोर से ब्यावरा आते समय गाड़ी अचानक 08.30 बजे बंद हो गई थी. लगभग 09 बजे कंटेनर को लेकर चालक सुभाष कुमार पिता सत्येंद्र सिंह निवासी ग्राम बनवार बंगरा थाना दाउदपुर जिला छपरा बिहार तेज गति से आ रहा था. वाहन में 06 फोर व्हीलर (05 स्कॉर्पियो 01 थार) थी जिसे लेकर वह नासिक से तेजपुर असम जा रहा था.

12 जून गुरूवार की रात थाना करनवास के सामने पचोर-ब्यावरा रोड एनएच- 52 पर रात करीब 02 .55 बजे, प्याज से लदे एक बिना नंबर के नए टाटा ट्रक के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अचानक बिना कोई संकेत दिए ब्रेक लगा दिया. इसके कारण पीछे से आ रही आयसर ट्रक क्रमांक यूपी 93-ईटी-6141 उससे टकरा गई. दुर्घटना में आयसर ट्रक का चालक, फूलसिह उर्फ गोलू पिता हरप्रसाद कुशवाह उम्र 28 साल निवासी ग्राम खिलारा भंडरा थाना मऊरानीपुर जिला झांसी का विक्षत होने के कारण उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई.

राज्य छिनने पर भी नहीं चिंतित हुए राम



तलेन 31 जुलाई,सं. बड़े मंदिर पर चल रही पंच दिवसीय प्रवचन माला के प्रथम दिवस वाराणसी के पं सुरेश मिश्र ने कहा कि प्रेम से कथा सुनने से भगवान में अनुराग होता है जबकि दुनिया में कोई दवा ऐसी नहीं निकली जो अनुराग पैदा कर सके मानव जीवन में भगवान की भक्ति कथा श्रवण से तो आती है. साथ साथ मानव जीवन की कला आती है भगवान श्री राम के चरित्र की चर्चा करते हुए पंडित मिश्रा ने कहा कि प्रभु श्री राम अयोध्या जैसा राज पर राजा बनकर नहीं बैठ पाए तो भी प्रभु श्री राम पिता के प्रति आक्रोश नहीं किया और ना ही उनके जीवन में दुख आया तब. जबकि आज लोग अपने अनुसार वस्तु न मिलने पर दुखी होते हैं पर राम जी वनवासी हो गए तो भी राज छुटने का कष्ट नहीं है इसलिए हम सभी को मानव जीवन को सही तरीके से जीने के लिए राम कथा में अवश्य जाना चाहिए यह कथा 3 अगस्त तक चलेगी.



बाइक से कट मारने के विवाद में हत्या

नवभारत न्यूज

माचलपुर 31 जुलाई, सं. माचलपुर थाना क्षेत्र में सड़क पर मोटरसाइकिल से कट मारने की मामूली बात खूनी विवाद में बदल गई. बुधवार रात पीपल्या कुल्मी रोड पर तीन युवकों ने एक व्यक्ति पर डंडे, बेल्ट और घूंसों से हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पहले माचलपुर अस्पताल और फिर राजगढ़ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को राउंडअप कर लिया है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार रात करीब 8 बजे बद्रीलाल दांगी के संतरे के बगीचे के सामने हुई. ग्राम कूमड़ा निवासी भारत सिंह दांगी ने रिपोर्ट में बताया कि वह जगदीश बैरागी के ढाबे पर था. इसी दौरान सूचना मिली कि उसके मामा बालचंद दांगी के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं. मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि ब्राह्मणगांव निवासी ओमप्रकाश दांगी डंडे से हमला कर रहा था, जबकि राजस्थान के झालावाड़ जिले के देवनगर निवासी गिरिराज दांगी, बालचंद के सीने पर बैठकर घूंसे मार रहा था. वहीं मुकेश दांगी चमड़े की बेल्ट से लगातार वार कर रहा था. हमले में बालचंद के चेहरे, सीने, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं. घायल को डायल-112 की मदद से माचलपुर अस्पताल पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर राजगढ़ रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया.

इसके बाद शव को वापस माचलपुर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घायल होने पर रास्ते में बताई हमले की वजह परिजनों के अनुसार, अस्पताल ले जाते समय बालचंद ने बताया कि आरोपियों की मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को कट मारी थी. उसने केवल गाड़ी धीरे चलाने की बात कही थी, जिससे नाराज होकर तीनों ने उस पर हमला कर दिया. परिजनों का आरोप है कि आरोपी सुबह से शराब के नशे में थे और उसी हालत में वारदात को अंजाम दिया.

बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर की सभी छात्राएं उत्तीर्ण

राजगढ़ 31 जुलाई, का. शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजगढ़ ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की एक और मिसाल कायम करते हुए सत्र 2024-25 की बी.एस.सी. नर्सिंग (प्रथम सेमेस्टर) परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है. अप्रैल 2026 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर संस्थान, अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों का गौरव बढ़ाया है. इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है. मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहां की नर्सिंग कॉलेज स्टाफ ने कम संसाधनों में भी छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान की है.

तड़के सैलून में आग लगी, लाखों का नुकसान

पुराना बस स्टैण्ड स्थित अंबेडकर चौक की घटना, शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान

नवभात न्यूज

ब्यावरा 31 जुलाई, का. स्थानीय पुराने बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चौराहे पर शुक्रवार सुबह एक सैलून में आग लग गई. आग से दुकान में रखा तकरीबन 2 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया. सूचना पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. अंबेडकर चौराहे स्थित स्मार्ट जेंट्स पार्लर के संचालक शंकर सेन गुरुवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे. शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं. उन्होंने शंकर सेन को सूचना दी और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया. सूचना मिलने पर नगर पालिका की दमकल टीम मौके पर पहुंची. आग बुझने तक दुकान में रखा फर्नीचर, हेयर कटिंग चेयर, ट्रिमर, हेयर ड्रायर, कॉस्मेटिक सामग्री और अन्य उपकरण पूरी तरह जल चुके थे. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 2 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है.



आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है. मौके का निरीक्षण करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता चल सके. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग का पता नहीं चलता और दमकल नहीं पहुंचती, तो आग आसपास की अन्य दुकानों तक फैल सकती थी.

डकैती की योजना बनाने वाले 05 शातिर बदमाश धराए

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 31 जुलाई, का. थाना प्रभारी देवेन्द्र राजपूत व बोड़ा थाना टीम ने पेट्रोल पंप पर डकेती डालने की योजना बनाने वाले 05 आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपीगण के कब्जे फर्सी, चाकू व डण्डे जप्त किये गये. घटना 30 जुलाई की है. पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग पचोर रोड पर हनुमान मंदिर के पीछे पेट्रोल पंप पर डकेती की योजान बना रहे है सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दबिस दी गयी तो कुछ व्यक्ति पेट्रोल पंप पर डकेती की योजना बनाते सुनाई दिये जो पुलिस को देखते ही गिरते पडते भागने लगे सभी आरोपीयो को पकडा व नाम पता पूछा तो अपना नाम दुर्गेश पिता मनोहर कंजर उम्र 22 साल, नीतेश पिता अलकारिया कंजर उम्र 20 साल, आजाद पिता सीताराम कंजर उम्र 25 साल, मन्नू पिता दिलीप कंजर उम्र 25 साल बसंत पिता सोहन कंजर उम 25 साल निवासी कंजरपुरा सर्व थाना पचोर बताये व आरोपीयान के कब्जे से एक बास का डण्डे, फर्सी व चाकू, जप्त किये गये व आरोपीयान को गिरफ्तार कर आरोपीयान के विरुद्ध अपराध क्रमांक 253/26 धारा 310(4),310(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया. पकड़े गए सभी आरोपियों पर जिले के सारंगपुर और पचोर थाने में पहले से अपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है. आरोपियों पर विभिन्न अपराधों में बोड़ा पचोर और सारंगपुर में दर्जनों मामले दर्ज है. कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह राजपूत, उनि रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, हुकुम सिंह कांकरवाल, समीर खान, आरएन जटिया, देवेन्द्र रुहेला, मुलायम सिंह, मंजीत जाट, बृजमोहन, संजय चोहान, मुलायम, गजेंद्र, आरक्षक दुष्यंत का महत्वपूर्ण योगदान रहा.



मंडी में टैक्स वृद्धि का विरोध

कांग्रेस ने फैसले को किसान-व्यापारी विरोधी बताया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 31 जुलाई, का. शुक्रवार दोपहर ब्यावरा कृषि उपज मंडी में 1.5 प्रतिशत मंडी टैक्स बढ़ाने के सरकार के फैसले के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन किया. कांग्रेस नेताओं ने मंडी परिसर पहुंचकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा और इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की. ज्ञापन में इंका नेताओं ने कहा कि मंडी टैक्स में बढ़ोतरी से कृषि उपज के व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा. उन्होंने तर्क दिया कि अतिरिक्त टैक्स का बोझ अंतत: किसानों और व्यापारियों दोनों को उठाना पड़ेगा. उन्होंने बताया कि किसान पहले से ही खेती की बढ़ती लागत, मौसम की अनिश्चितता और उपज के उचित दाम नहीं मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं. ऐसे में मंडी टैक्स बढ़ाना उनकी मुश्किलें और बढ़ाएगा. मंडी बोर्ड ने यह निर्णय किसानों और व्यापारियों से बिना किसी चर्चा के लिया है. सरकार को राजस्व बढ़ाने के बजाय किसानों और व्यापारियों को राहत देने वाले कदम उठाने चाहिए. यदि मंडी शुल्क में बढ़ोतरी जारी रहती है, तो इसका असर पूरे कृषि व्यापार तंत्र पर पड़ेगा और मंडियों में कारोबार प्रभावित होगा. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए किसानों और व्यापारियों के हितों की रक्षा की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने मंडी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग शासन तक पहुंचाने का आग्रह किया.ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मंडी टैक्स बढ़ाने का निर्णय तत्काल निरस्त किया जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया, तो किसानों और व्यापारियों के हित में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा ज्ञापन सौंपने वालों में लक्ष्मीनारायण यादव , ब्लॉक इंकाध्यक्ष राहुल दांगी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद यादव, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष गिरराज शर्मा, पार्षद ज्ञानू विजयवर्गीय, शहर इंकाध्यक्ष कपिल शिवहरे, विश्वनाथ दांगी, पार्षद कैलाश कुशवाहा लक्की दांगी ,संजय बंसल, जगदीश सेन ,सूरज दांगी अ जा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिवनारायण अहिरवार ,मंडलम अध्यक्ष यूनुस मोहम्मद, समीर खान, राम पंवार ,फूलसिंह वर्मा फिरोज लाला ,कमलेश विश्वकर्मा, साजिद खान ,आशिक खान ,दीपेश गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे.

परिचर्चा किसान संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकेत भिण्ड से पेटलावद जाते समय राजगढ़ रुके

मध्यप्रदेश में एमएसपी किसानों के हित में नहीं है : राकेश टिकैत

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 31 जुलाई, का. किसान संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकेत इन दिनों मप्र, महाराष्ट्र और राजस्थान के दौरे पर है. इसी क्रम में भिण्ड से पेटलावद जाते समय से कुछ समय के लिए राजगढ़ रूके. यहां उन्होंने नवभारत से चर्चा की और किसानों से जुड़े कई मुद्दों पर खुलकर बात की.

राकेश टिकैत ने मध्यप्रदेश में एमएसपी के सिस्टम को किसानों के विकास में सबसे बड़ी चुनौती बताया. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में एमएसपी किसानों की मेहनत और लागत के अनुसार नहीं मिल रही है. एमएसपी के लिए सरकार किसानों से पहले बात करे. साथ ही व्यापारी तय समर्थन मूल्य से नीचे फसल की खरीदी ना करें ऐसा नियम बनना चाहिए.



उन्होंने मूंग की खरीदी के विषय में सवाल किया. उन्होंने कहा कि मूंग जैसी फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर होनी चाहिए इसका वर्तमान में व्यवसायीकरण किया जा रहा है. इससे किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है. राकेश टिकैत ने कहा कि मूंग जैसी फसलों पर एमएसपी तय होगी तभी किसान इसके उत्पादन और अपनी आय को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित होंगे. उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि मप्र में वे किसान संघ को मजबूत कर रहे है. किसानों से चर्चा कर उन्हें संगठित करने का काम कर रहे है जिससे कि सरकारों के भीतर किसानों के प्रति असली चिंता व्याप्त हो सके.

मोहनपुरा के प्रचार की धरातल पर हकीकत जानेंगे

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से जिले में बांधों का निर्माण किया गया है और उनकी उपलब्धियों को जोर शोर से राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित किया जा रहा है. तकनीकि रूप से यह बड़े खर्च की परियोजना हो सकती है लेकिन धरातल पर किसानों के लिए कितना काम आ रही है यह देखना होगा. क्या किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है या केवल कागजों में सिंचाई हो रही है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम इसे लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाएंगे.

इन सरकारों में अटलजी का विजन नजर नहीं आता

केन्द्र और राज्य की सत्तारूढ़ सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज के दौर की सरकारों में किसानों के प्रति भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी का विजन नजर नहीं आता. उन्होंने कहा कि अटलजी जैसा नेतृत्व अब भाजपा सरकारों में नजर नहीं आता है. वे किसानों के सच्चे हितैषी थे और उसी अनुरूप सरकारी योजनाओं को लेकर जनमानस में जाते थे. उन्होंने कहा कि किसानों के साथ हर बुधवार या सप्ताह में एक दिन चर्चा होनी चाहिए. किसान देश की अर्थव्यवस्था का आज भी पहला पहिया है.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, सारंगपुर जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. सारंगपुर, क्र. / 1449/प्रवा. /2026 दिनांक 21/07/2026

-सूचना पत्र -

बनाम, 1-श्रीमति सारिका पति स्व. प्रशांत कुमार, 2-श्री अथर्व पिता प्रशांत कुमार सर्व निवासी मकान नं. 71 वार्ड नं. 05, शिवधाम कालोनी, खुजनेर रोड, राजगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र.

एतद् द्वारा आपको जरिए उक्त सूचना पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि इस न्यायालय में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 कि धारा-44 (1) के अंतर्गत अपीलार्थी भंवरलाल पिता मिश्रीलाल, पुष्पाबाई पति भंवरलाल सर्व जाति शर्मा निवासी वार्ड नं. 03, तलेन तहसील पचोर जिला राजगढ़ म.प्र. द्वारा अधीनस्थ न्यायालय नाबय तहसीलदार तलेन के प्रकरण क्रमांक 0989/अ-6/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 17/04/2026 में ग्राम तलेन तहसील पचोर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1419/2017 रकबा रकबा 0.048 हेक्टेयर के संबंध में अधीनस्थ तहसील न्यायालय के आदेश से असंतुष्ट होकर आपत्ति/आवेदन प्रस्तुत की गई है. अत: आप इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0043/ अपील/2026-27 में नियत पेशी दिनांक- 05/08/2026 को स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर में सुनवाई के दौरान उक्त भूमि के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम में प्रस्तुत कर सकता है. समय अवधि के बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. स्थान-सारंगपुर, दिनांक 21/07/2026

(रोहित बम्होरे
अनुविभागीय अधिकारी
सारंगपुर